एपीजे में प्रोग्राम 'आरंभ 2023' शुरू

जालंधर | एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस में एमबीए, एमसीए, बीबीए, बी कॉम और बी टेक कोर्सेज के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 31 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम आरंभ 2023 शुरू हुआ। इस इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नए छात्रों में सौहार्द की भावना विकसित करने और उन्हें संस्थान की कार्यप्रणाली से परिचित कराने में मदद करना है। कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद कनिका चोपड़ा द्वारा संस्थान का परिचय दिया गया। इस दौरान छात्रों को वैल्यू एडिड कोर्सेज से परिचित कराया गया। उन्हें शिक्षण अधिगम गतिविधियों- मूडल, ईआरपी सॉफ्टवेयर के बारे में भी बताया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश बग्गा ने संस्थान की 33 कमेटियों और क्लबों पर भी प्रकाश डाला, जो छात्रों के कौशल को निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करती हैं। इसके बाद 31 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम को छात्रों के साथ सांझा किया गया।